32

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI.

### निविदा आमंत्रण सूचना
### निविदा संख्या – ......45..../2020

इंटरमीडिएट (वार्षिक एवं सम्पूरक), इंटर व्यावसायिक, मध्यमा, प्रा०शिक्षक प्रशिक्षण एवं मदरसा परीक्षा 2021 के लिए उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण हेतु Two Bid System के अन्तर्गत प्रतिष्ठित /निबंधित/ अनुभवी मुद्रकों से, जिन्हें लोक परीक्षाओं में उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण का अनुभव हो, से निविदा शर्त्त में दिये गये Specification के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र, Specification एवं Term & Condition के साथ झारखण्ड अधिविद्य परिषद् कार्यालय से दिनांक 13.11.2020 से 07.12.2020 तक 11:00 बजे सुबह से कार्यालय अवधि में 10,000 (दस हजार) रु० का बैंक ड्राफ्ट "JAC FUND" के नाम से जमा कर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र की शुल्क राशि वापस नहीं की जायेगी। उत्तरपुस्तिका के कागज का नमूना परिषद् कार्यालय में देखा जा सकता है।

निविदा में तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड अलग-अलग लिफाफे में सील कर बड़े लिफाफे में सील कर दिया जाय। उक्त लिफाफे पर "2021 परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएँ के मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु" निविदा लिखा होगा। निविदा दिनांक 07.12.2020 को 05:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में जमा होगा। निविदा 08.12.2020 को पूर्वाह्न 12:00 बजे खोला जायेगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वंय या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकतें हैं। प्रतिनिधि के रुप में शामिल होने हेतु प्राधिकृत पत्र लाना अनिवार्य होगा।

वित्तीय बीड एवं तकनीकि बीड में अलग-अलग मुहरबन्द लिफाफे में भरे जायेंगे। उन लिफाफों पर अलग-अलग "वित्तीय निविदा" (Financial Bid) तथा "तकनीकि निविदा" (Technical Bid) लिखा रहे। सर्वप्रथम निविदा शर्त्तो की पूर्ति हेतु सभी निविदादाताओं के तकनीकि बीड के लिफाफे खोले जायेगें। तकनीकि बीड समीक्षा के उपरान्त जो निविदादाता वांछित शर्त्तों की पूर्ति करेगें, उन्हीं का वित्तीय बीड का लिफाफा खोला जायेगा।

कार्यो का ब्योंरा एवं शर्त्त तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है। बिना कारण बताए निविदा रद्द करने या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच कार्य वितरण करने का अधिकार पूर्णरुपेण परिषद् को सुरक्षित रहेगा।

नोट :- 1. निविदा पत्र को परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

ऐसी परिस्थिति में निविदा प्रपत्र का मूल्य Rs. 10,000/- (दस हजार रु०) का JAC FUND के नाम बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के तकनीकि बीड के साथ जमा करना होगा अन्यथा उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

2. भरे हुए निविदा प्रपत्र सीधे परिषद् कार्यालय अवधि में ही जमा किये जायेगें। अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित किये गये (डाक, रजिस्ट्री, courier, email,इत्यादि) निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

अध्यक्ष के आदेश से,

सचिव
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्
राँची।

JAC/ MISR/1501/20 - Secy/439/20
Dt. — 12/11/20
D.O.P. — 13/11/20

12/11/2020

10-11-2020

(42)

निविदा प्रपत्र की कीमत -10,000/-

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL,RANCHI.

## निविदा विवरण एवं शर्त्ते
## निविदा संख्या - 45/2020

क) निविदा :-

इंटरमीडिएट (द्वितीय वर्ष वार्षिक एवं सम्पूरक), मध्यमा, प्रा0शिक्षक प्रशिक्षण, इटर व्यावसायिक एवं मदरसा परीक्षा 2021 के लिए सफेद चमकदार इनर वाटर मार्क/ बिना वाटर मार्क कागज पर उत्तरपुस्तिकाओं का मुद्रण कर झारखण्ड राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचाने हेतु कागज मुद्रण, वाहन, जी0एस0टी एवं अन्य सभी व्यव कर सहित कार्य के लिए प्रतिष्ठित एवं पंजीकृत मुद्रकों (प्रेस) से दिनांक 07.12.2020 को अपराह्न 05:00 बजे तक निम्नाकित शर्त्तो के साथ मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता मुहरबन्द निविदा सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् ज्ञानदीप परिसर नामकुम, बड़गावाँ, राँची, झारखण्ड के पदनाम से जमा करेगें। निविदा-प्रपत्र के साथ निविदा विवरण एवं शर्त्त 10,000 (दस हजार) रु0 का बैंक ड्राफ्ट, जो JAC FUND के नाम से देय तथा जो किसी राष्ट्रीय बैंक में भुगतेय हो, जमा कर कार्य दिवस में दिनांक 13.11.2020 से 07.12.2020 तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र की शुल्क राशि वापस नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक . 08.12.2020 को पूर्वाह्न 12:00 बजे परिषद् के क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं उपस्थित रहें या अपने प्रतिनिधि को अधिकृत कर सकतें हैं। आवश्यकता पड़ने पर बिना कारण बताये किसी/सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार परिषद् के अध्यक्ष को सुरक्षित है।

ख) **उत्तर पुस्तिकाओं की विशिष्ताएँ**

1) सैद्धांतिक परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिकायेँ निम्न प्रकार की होगी। उसके लिए उत्त्रपुस्तिकाओं के प्रकार के अनुसार उत्तरपुस्तिका दर प्रति हजार अंकित की जाये।

**अनुमानित संख्या**

i इंटर द्वितीय वर्ष उत्तरपुस्तिका 28 पृष्ठ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| A कला | (काला स्याही) | 8,00,000 | सफेद क्रीम वोभ 65 GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80% एवं Opacity 85% रहना अनिवार्य है | तीनों संकाय के अलग-अलग केन्द्रवार लगभग 500 परीक्षा केन्द्रों के लिए पैकेट बनाना होगा |
| B विज्ञान | (लाल स्याही) | 6,00,000 | | |
| C वाणिज्य | (हरी स्याही) | 2,00,000 | | |
| | | 16,00,000 | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ii. | इंटर द्वितीय वर्ष प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका 8 पृष्ट (हरा बैगनी स्याही) | -5,0000 | सफेद क्रीम वोभ 65 GSM कागज के साथ JAC मोनोग्राम तथा Brightness 80%एवं Opacity 85% रहना अनिवार्य है। |
| iii | मदरसा उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ट (लाल स्याही) (वस्तानियाँ +फौकानिया) | -1,75000 | |
| iv | मदरसा उत्तरपुस्तिका 20 पृष्ट (हरा स्याही) (मौलवी) | -30,000 | |
| v | मध्यमा (संस्कृत) उत्तरपुस्तिका 20 पृष्ट (काली स्याही) | -60,000 | |
| vi | प्रा0शिक्षक प्रशिक्षण की सैद्धान्तिक उत्तरपुस्तिका (काली स्याही) | -70,000 | |
| vii | ईंटर व्यावसायिक (बैगनी स्याही) 28 पृष्ट | -10,000 | |

2) सभी उत्तरपुस्तिकाओं का आकार 28x22 सें0मी0 प्रति पृष्ट का होगा।

3) संकायवार/परीक्षावार उत्तरपुस्ताकाओं के आवरण पृष्ट का रंग तथा उत्तरपुस्तिकाओं का क्रम संख्या अलग-अलग रहेगा, जिसे अंकित करना अनिवार्य होगा।

4) उत्तरपुस्तिकाएँ (65 GSM) स्टैंडर्ड मिल द्वारा निर्मित क्रीम वोभ पेपर का होगा पेपर पर JAC का मोनोग्रम रहेगा। निविदा के साथ फुल आकार का पेपर तथा उत्तरपुस्तिका का नमूना संलग्न होना अनिवार्य है, और साथ में प्रयुक्त कागज आपूर्ति का ब्यौरा संबंधित मिल/पेपर डीलर का ब्यौरा देना होगा। जिससे उत्तरपुस्तिका का निर्माण किया जायेगा।

5) प्रत्येक उत्तरपुस्किाएँ के बाये किनारे पर JAC मार्क का परफोरेशन करना होगा।

6) उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ट पर एवं प्रत्येक पेज पर JAC का मोनोग्राम अंकित करना होगा तथा प्रत्येक पृष्ट 30 लाईन का होगा।

7) कुल पृष्टों में दोनों तरफ नमूनानुसार हासिया अंकित करना होगा।

8) उत्तरपुस्तिकाओं को कपड़े के धागे से मजबूती से सिलाई करना अनिवार्य होगा।

9) उत्तरपुस्तिकाओं के हासिये में JAC 2021 लिखा रहे एवं नीचे नमूनानुसार Do not write your name or any mark of identification in any part of your answer Book. For Writing an answer. (Including heading) Use Black/Blue Ink only.

ग) <u>निर्देश/शर्त्ते</u> :-

1) तकनीकि बीड एवं वितीय बीड अलग-अलग लिफाफे में सील कर एक बड़े लिफाफे में रख कर पुनः सील कर दिया जायेगा। उक्त लिफाफे पर "2021 परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएँ की आपूर्ति हेतु निविदा" लिखा रहे।

2) निविदा दिनांक 07.12.2020 को 05:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में जमा करेगें। निविदा दिनांक 08.12.2020 को पूर्वाह्न 12:00 बजे खोला जायेगा। भरे हुए निविदा प्रपत्र सीधे परिषद् कार्यालय में कार्यालय अवधि में ही जमा किये जायेगें। अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित किये गये (डाक, रजिस्ट्री, ईमेल इत्यादि) निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

3) सर्वप्रथम निविदा की शर्त्तो की पूर्ति हेतु सभी निविदादाताओं के तकनीकि निविदा लिफाफे खोले जायेगें। तकनीकि बीड में जो निविदादाता वांछित शर्त्तो को पूरा करेगें, उन्हीं का वित्तीय बीड का लिफाफा खोला जायेगा।

4) निर्मित उत्तरपुस्तिकाओं को आवश्यकतानुसार झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय के एक सप्ताह पूर्व पहुँचाने का दायित्व उत्तरपुस्तिकाएँ निविदादाता का होगा। परीक्षा केन्द्रो की सूची तथा उत्तरपुस्तिकाओं की केन्द्रवार आवश्यकता परिषद् द्वारा उन्हें यथा समय उपलब्ध करायी जायेगी।

5) उत्तरपुस्तिकाएँ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आपूर्ति करने में होने वाला परिवहन व्यय, GST,उत्तरपुस्तिका निर्माण सहित कुल व्यय (कर सहित) के साथ प्रति हजार उत्तरपुस्तिकाएँ दर निविदादाता अपने निविदा में अंकित करेगें।

घ) <u>तकनीकि शर्त्ते (Technical Condition)</u>

1. निविदादाताओं को अग्रधन के रुप में रु0 2,00,000 (दो लाख) का बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के तकनीकि बीड के साथ संलग्न करना होगा। आपूर्तिकर्ता को कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व एकरारनामा करने के समय अग्रधन के अतिरिक्त रु0 1,00,000/- (एक लाख) का बैंक ड्राफ्ट प्रतिपूर्ति/जमानत की राशि के रुप में जमा करना होगा। सभी राशि बैंक ड्राफ्ट **"JAC FUND"** के नाम से भुगतेय होगा। जिसे देयक विपत्र का सभी भुगतान के बाद वापस कर दिया जायेगा। (2,00,000+1,00,000)
2. चयनित निविदादाता को आपूर्ति आदेश निर्गत करने से पूर्व आवश्यक कागजात मूल रुप में एकरारनामा करने के समय दिखाना होगा।
3. निविदादाता के प्रेस का गत तीन वित्तीय वर्षो में टर्न ओभर कम से कम रु0 3,00,00,000/- (तीन करोड़) का प्रतिवर्ष औसत होना चाहिए। इससे

संबंधित चार्टर्ड एकाउन्टेंट से वर्ष 2017-2018, 2018-2019 एवं 2019-2020 का Audited Balance Sheet संलग्न करना होगा।

4. आपूर्तिकर्ता को विपत्र से आवश्यकतानुसार स्रोत पर आयकर, GST etc की कटौती की जायेगी। यदि आपूर्तिकर्त्ता इस दायरे में नहीं आते हों, तो उन्हें इसके लिए आवश्यक प्रमाण देना होगा।
5. स्व-अभिप्रमाणित अद्यतन आयकर प्रमाण पत्र/Return का साक्ष्य के साथ वाणिज्य कर, GST अदायगी का प्रमाण की छायाप्रति भी निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
6. उत्तरुस्तिकाओं का नमूना संलग्न होना अनिवार्य होगा।
7. उत्तरपुस्तिाकाओं के निर्माण से पूर्व उन्हें परिषद् से नमूना को अनुमोदित कराना होगा।
8. प्रत्येक निविदादाता द्वारा एक वर्ष का ऐसे सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थानों में ली जाने वाली लोक परीक्षाओं में 30,00,000 (तीस लाख) उत्तरपुस्तिकाओं/अन्य कागजातों के धागों से मजबूती सिलाई के साथ निर्माण से संबंधित कार्यों का अनुभव एवं साक्ष्य का प्रमाण पत्र देना होगा। निविदादाता अपने मुद्रणालय में कार्यरत बल के पूर्ण विवरण के साथ प्रि-प्रेस एवं पोस्ट प्रेस के संबंध में बिन्दुवार ब्यौरा संलग्न करेगें।
9. निविदादाता के पास उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण हेतु उपयुक्त साईज के Web Offset Printing Machine कम से कम 04 तथा Thread stiching machine कम से कम 10 (दस) होनी चाहिए। Machine होने से संबंधित साक्ष्य के रुप में मशीन क्रय से संबंधित विपत्र को अभिप्रमाणित कराकर (मुहर के साथ) संलग्न करेगें।
10. उत्तरपुस्तिाओं का निर्माण एवं आपूर्ति की प्रक्रियाएँ पूर्णरुपेन गोपनीय है। आपूर्तिकर्त्ता द्वारा इसे सुनिश्चित करने के लिए एक शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
11. किसी भी परिस्थिति में अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
12. प्रेस/ संस्थान के प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते हैं।
13. उत्तरपुस्तिकाओं को परिषद् द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से एक सप्ताह पहले निश्चित रुप से हस्तगत कराकर प्राप्ति चालान के साथ स्वहस्ताक्षरित समेकित विवरणी परिषद् कार्यालय में अविलम्ब जमा कर देना होगा। उक्त चालान पर उत्तरपुस्तिका के क्रम संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा।
14. I.S.O. निबधन संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

15. निविदादाता GST के अन्तर्गत निबंधित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु उक्त से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है।

16. पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।

17. ट्रेड लाइसेन्स का साक्ष्य एवं S.S.I. यूनिट से संबंधित निबंधन प्रमाण पत्र /MSME/ उद्योग आधार प्रमाण पत्र/ कम्पनी रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र जो लागू है, संलग्न करना आवश्यक है।

18. निविदादाता को अग्रधन की राशि D.D No. जारी करने वाला बैंक का नाम एवं तिथि अंकित करना अनिवार्य होगा।

19. कागज का ब्योरा एवं नमूना (65 GSM) 5 सीट नमूना के रुप में Whiteness/ Brightness 80% (चमक) कागज संलग्न करेगें एवं Opacity 85% आपूर्ति करने के संबंध में तथा कागज आपूर्ति करने वाला मिल का Lab Report संलग्न करना अनिवार्य होगा।

20. परिषद् से निविदा अभिलेख क्रय का प्रमाणक संलग्न करेगें।

21. निविदादाता का नाम, पता, दूरभाष संख्या एवं पिन कोड निविदा प्रपत्र में अंकित करना अनिवार्य होगा।

22. किसी एक या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार परिषद् को सुरक्षित है।

23. सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची के नाम से निविदा जमा की जायेगी।

24. निविदा एवं निविदा प्रपत्र में अंकित सभी शर्त्ते मान्य है से संबंधित एक शपथ पत्र (नोटरी) से प्राप्त संलग्न करना अनिवार्य होगा।

25. मुद्रक (आपूर्तिकर्त्ता) द्वारा किसी प्रकार की गलती किये जाने पर परिषद् कोई कार्यवाई हेतु स्वतंत्र है।

26. निविदाता काली सूची में नहीं रहने संबंधी शपथ पत्र निविदादाता निविदा के साथ संलग्न करेगें। काली सूची में पाये जाने पर निविदा के साथ अग्रधन की राशि जप्त करते हुए निविदा से निष्कासित कर दी जायेगी।

27. निर्धारित मापदंड के अनुरुप उत्तरपुस्तिकाओं की आपूर्ति नहीं होने, गोपनीयता भंग होने, गुणवत्ता में कमी पाये जाने की स्थिति में अग्रधन/ जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी तथा कागज जाँच कराने के बाद कमी पाये जाने पर समानुपातिक राशि काट कर भुगतान किया जायेगा।

28. उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण से संबंधित इस आशय का शपथ पत्र देना आवश्यक होगा कि :-

i) उत्तरपुस्तिका का पन्ना फटा हुआ नहीं होना चाहिए। 137

ii) निविदा में अंकित परीक्षाओं से संबंधित उत्तरपुस्ताकाओं के पन्नों की संख्या उसी के अनुरुप होना चाहिए तथा कम नहीं होना चाहिए।

iii) उत्तरपुस्तिका पर अंकित किया जाने वाला क्रमांक स्पष्ट रुप से मुद्रित होना चाहिए।

iv) उत्तरपुस्तिकाओं को निर्धारित अवधि में परीक्षा केन्द्रों को हस्तगत कराना आवश्यक होगा।

29. परिषद् द्वारा निर्गत निविदा प्रपत्र संलग्न करें।

अनुलग्नक :– निविदा आमंत्रण सूचना की प्रति तथा परिषद् द्वारा निर्गत निविदा प्रपत्र की एक प्रति।

**नोट :–** 1) तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड का लिफाफा अलग–अलग मुहरबंद रहेगा, जिसके उपर में मोटे अक्षरों में बीड का नाम लिखना अनिवार्य होगा। जिन निविदादाता का तकनीकि बीड स्वीकार किया जायेगा उसी निविदादाता का निविदा प्रपत्र में वित्तीय बीड खोला जाएगा। यदि निविदादाता को निविदा प्रपत्र में अंकित किसी बिन्दु पर Clarification की आवश्यकता हो तो वे निविदा खोलने की तिथि के पूर्व परिषद् कार्यालय से किसी भी कार्याधि में निदेश प्राप्त कर सकते हैं।

2) निविदा परिषद् के Website- WWW jac.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।जो निविदादाता परिषद् के Website से निविदा download करेगें, उन्हें 10,000/–(दस हजार) रुपये का "JAC FUND" के नाम से बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के तकनीकि बीड के साथ निविदा क्रय की कीमत संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं की जायगी।

निविदादाता का हस्ताक्षर

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL,RANCHI.

36

वर्ष 2021 परीक्षा के उत्तरपुस्तिका निर्माण के लिए निर्धारित शर्त्तें।
(तकनीकि निविदा)

1. अग्रधन की निर्धारित राशि का बैंक ड्राफ्ट (i) संख्या ......... दिनांक .................
(ii) राशि .......... बैंक का नाम ..........

(2) निविदादाता के प्रेस का विगत तीन वर्षों का टर्न ओवर (वर्षवार)
वर्ष 2017-18 (i) राशि ..............................
वर्ष 2018-19 (ii) राशि ..............................
वर्ष 2019-20 (iii) राशि..................................

(ii) I.S.O से पंजीकृत होने पर प्रमाण-पत्र संलग्न है/संलग्न नहीं है।

3. आयकर रिटर्न की प्रति संलग्न है/संलग्न नहीं है।

4. (i) सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थानों द्वारा ली जानेवाली लोक परीक्षा में उत्तरपुस्तिकाओं के निर्माण से संबंधित अनुभव का विवरण। (i) ........................
(ii) प्रमाण पत्र की प्रति (संलग्न है/नहीं है)? (ii) ........................

5- (i) SSI/में निबंधित है या नहीं?
(ii) यदि है तो प्रमाण पत्र संलग्न है/नहीं है?

6. G.S.T में निबंधित इकाई, राज्य के बाहर उत्पादनरत इकाई के स्थानीय कारपोरेट कार्यालय/ स्थानीय कार्यालय / एजेन्ट/ प्राधिकृत डीलर है, प्राधिकृत डीलर का फोटो, Pan card/Adhar N0. का साक्ष्य एवं पूरा पता।

7. निविदादाता अपने मुद्राणालय का पूर्ण ब्यौरा कार्यबल के साथ प्रि-प्रेस एवं पोस्ट प्रेस के संबंध में बिन्दुवार ब्यौरा संलग्न करें।

इसके अतिरिक्त निविदा सूचना में अंकित शर्त्त की पूर्ति हेतु सभी प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। संलग्न है/संलग्न नहीं है।

निविदा एवं निविदा प्रपत्र में अंकित सभी शर्त्त मान्य है तो हस्ताक्षर तथा तिथि अंकित करेगें।

हस्ताक्षर

प्रेस

10-11-2020

(35)

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI.
## उत्तरपुस्तिका के निर्माण हेतु दर
## (वित्तीय निविदा)
## विज्ञप्ति संख्या–45/2020

1. प्रेस का नाम :– ..............................................................
2. प्रेस का पंजीयन संख्या छायाप्रति संलग्न) :– ..........................
3. अग्रधन की राशि :– ...........................ड्राफ्ट सं0 ....................
   दिनांक :– ............................ बैंक का नाम :–.......................

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका | | |
| | कला | – | लाइनदार 28 पृष्ट 28cm.x22.cm. 65 GSM कीम वोभ Brightness-80%, Opacity85% वाटर मार्क दर प्रति हजार .................................... ........................................................................ बिना वाटर मार्क दर प्रति हजार ........................... ........................................................................ |
| | विज्ञान | – | लाइनदार 28पृष्ट 28cm.x22.cm. 65 GSM कीम वोभ Brightness-80%, Opacity85% वाटर मार्क दर प्रति हजार .................................... ........................................................................ बिना वाटर मार्क दर प्रति हजार ........................... ........................................................................ |
| | वाणिज्य | – | लाइनदार 28पृष्ट 28cm.x22 cm. 65 GSM कीम वोभ Brightness-80%, Opacity85% वाटर मार्क दर प्रति हजार .................................. ........................................................................ बिना वाटर मार्क दर प्रति हजार ........................ ........................................................................ |
| 2. | इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष प्रायोगिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएँ | – | लाइनदार 8पृष्ट 28cm.x22.cm. 65 GSM कीम वोभ Brightness-80%, Opacity85% वाटर मार्क दर प्रति हजार .................................... |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | बिना वाटर मार्क दर प्रति हजार ........................<br><br>.................................................................................. |
| 3. | मदरसा (वस्तानियाँ एवं फोकानियाँ) सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएँ | – | लाइनदार 12 पृष्ट 28cm.x22.cm. 65 GSM क्रीम वोभ Brightness-80%, Opacity85%<br>वाटर मार्क दर प्रति हजार ..................................<br><br>..................................................................................<br><br>बिना वाटर मार्क दर प्रति हजार ........................<br><br>.................................................................................. |
| 4. | मदरसा (मौलवी) सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएँ | – | लाइनदार 20 पृष्ट 28cm.x22.cm. 65 GSM क्रीम वोभ Brightness-80%, Opacity85%<br>वाटर मार्क दर प्रति हजार ..................................<br><br>..................................................................................<br><br>बिना वाटर मार्क दर प्रति हजार ........................<br><br>.................................................................................. |
| 5. | मध्यमा सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएँ | – | लाइनदार 20 पृष्ट 28cm.x22.cm. 65 GSM क्रीम वोभ Brightness-80%, Opacity85%<br>वाटर मार्क दर प्रति हजार ..................................<br>..............................................<br>बिना वाटर मार्क दर प्रति हजार ........................<br><br>.................................................................................. |
| 6. | प्रा0शिक्षक प्रशिक्षण सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएँ | – | लाइनदार 28 पृष्ट 28cm.x22.cm. 65 GSM क्रीम वोभ Brightness-80%, Opacity85%<br>वाटर मार्क दर प्रति हजार ..................................<br><br>..................................................................................<br><br>बिना वाटर मार्क दर प्रति हजार ........................<br><br>.................................................................................. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | इंटर व्यावसायिक सैद्धांतिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएँ | – | लाइनदार 28 पृष्ट 28cm.x22.cm. 65 GSM क्रीम वोभ Brightness-80%, Opacity85%<br>वाटर मार्क दर प्रति हजार ..................................<br>..................................................................<br>बिना वाटर मार्क दर प्रति हजार ........................<br>.................................................................. |
| 8. | निविदादाता का नाम,पता,दूरभाष सं0 पिन कोड सहित | – | |

**शर्त्ते–**

(क) अस्पष्ट एवं सशर्त्त निविदा स्वीकर नहीं की जाएगी।

(ख) उत्तरपुस्तिकाओं की छपाई का नमूना एवं आकार आदि परिषद् कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखा जा सकता है।

(ग) उत्तरपुस्तिकाओं के मुख पृष्ट पर मुद्रण की विषयवस्तु परिषद् कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(घ) उत्तरपुस्तिकओँ का मुद्रण इंटर द्वितीय वर्ष के लिए विज्ञान संकाय के लिए लाल रंग से, वाणिज्य संकाय के लिए हरे रंग से तथा कला संकाय के लिए काले रंग से होगा। प्रा0 शिक्षक प्रशिक्षण के उत्तरपुस्तिकाएँ काले रंग में, इंटर व्यावसायिक बैगनी रंग में तथा मदरसा के दोनों प्रकार की उत्तरपुस्तिकाएँ अलग-अलग नमूनानुसार रंगों में, मध्यमा काले रंग में तथा प्रायोगिक विषय की उत्तरपुस्तिकाओं का मुद्रण हरा बैगनी रंग में मुद्रण होगा।

(ङ) द्वितीय वर्ष सैद्धांतिक विषयों की उत्तरपुस्तिकाएँ 28 पृष्टों एवं इंटर प्रायोगिक परीक्षा की 8 पृष्टों की होगी मदरसा सैद्धांतिक 12 पृष्ट, 20 पृष्ट एवं मध्यमा (संस्कृत) 20 पृष्टों, प्रा0 शिक्षक प्रशिक्षण की 28 पृष्टों तथा इंटर व्यावसायिक 28 पृष्टों की होगी।

(च) उत्तरपुस्तिकाओं की दर अंक एवं शब्दों में साफ-साफ अंकित किया जाये। निविदा दर में सभी प्रकार के राज्य एवं केन्द्रीय कर, G.S.T etc. तथा परिवहन चार्ज शामिल रहेगा एवं कर की कटौती परिषद् द्वारा की जायेगी।

(छ) अन्य शर्त्ते एवं ब्यौरा संलग्न निविदा सूचना के अनुरुप उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या में कमी/वृद्धि हो सकती है परन्तु दर में कोई बदलाव एवं कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(ज) निविदा निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (अगर वे उपस्थित रहना चाहें) दिनांक 08.12.2020 को पूर्वाह्न 12:00 बजे खोला जाएगा।

(झ) परिषद् के अध्यक्ष को बिना कारण बताये निविदा रद्द करने या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच कार्य वितरण करने का अधिकार पूर्णतः सुरक्षित रहेगा।

निविदादाता का हस्ताक्षर